

# जाखौली में पुलिस-ग्रामीण संवाद आयोजित

## साइबर अपराधों से बचाव के बताए उपाय

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 13 मई।** पुलिस अधीक्षक सूरज कुमार वर्मा के निर्देशन में चलाए जा रहे जनजागरूकता अभियान के तहत बुधवार शाम दबोह थाना क्षेत्र के ग्राम जाखौली में पुलिस-ग्रामीण संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को साइबर अपराध, महिला सुरक्षा, कानून व्यवस्था एवं सामाजिक जागरूकता के प्रति सचेत करना था।

कार्यक्रम में लहार एसडीओपी प्रवीण त्रिपाठी एवं दबोह थाना प्रभारी रवि उपाध्याय ने ग्रामीणों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके निराकरण का आश्वासन दिया। अधिकारियों ने कहा कि पुलिस और आमजन के बीच बेहतर संवाद एवं सहयोग से ही अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। इस दौरान ग्रामीणों को साइबर अपराधों से सतर्क रहने के लिए महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान समय में ऑनलाइन ठगी, फर्जी कॉल, बैंक फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग और फर्जी लिंक भेजकर धोखाधड़ी के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में किसी भी अनजान व्यक्ति से फोन पर अपनी बैंकिंग जानकारी, एटीएम नंबर, सीवीवी या साझा न करें।

**एसडीओपी ने साइबर हेल्पलाइन नंबर के बारे में दी जानकारी:** एसडीओपी प्रवीण त्रिपाठी ने कहा कि कोई भी बैंक या सरकारी संस्था फोन कर ओटीपी या निजी जानकारी नहीं मांगती। यदि कोई व्यक्ति खुद को बैंक अधिकारी, पुलिसकर्मी या अन्य अधिकारी बताकर जानकारी मांगता है तो सतर्क रहें और तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें। ग्रामीणों को बताया गया कि साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई हो सके। इसके अलावा डायल-112 एवं स्थानीय पुलिस थाना से भी तत्काल संपर्क करने की सलाह दी गई।

**पुलिस आमजन की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है:** थाना प्रभारी रवि उपाध्याय ने ग्रामीणों से अपील की कि गांव में किसी भी संदिग्ध गतिविधि, अपराधिक तत्व या सामाजिक शांति भंग करने वाले मामलों की सूचना तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि पुलिस आमजन की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है और ग्रामीणों का सहयोग अपराध नियंत्रण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण, महिलाएं, युवा एवं पुलिस स्टाफ उपस्थित रहा। पुलिस-ग्रामीण संवाद के इस आयोजन से ग्रामीणों में सुरक्षा एवं जागरूकता को लेकर सकारात्मक संदेश गया।

# संत विवेकानंद स्कूल का परिणाम रहा शत-प्रतिशत

## सीबीएसई रिजल्ट में छात्रों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

नवभारत न्यूज
भिण्ड, 13 मई। सीबीएसई द्वारा घोषित 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में शहर से सटे डिडी के पास स्थित संत विवेकानंद पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सफलता का परचम लहराया है। विद्यालय का इस वर्ष भी परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा, जिससे विद्यालय प्रबंधन, शिक्षक एवं अभिभावकों में खुशी का माहौल है।

विद्यालय के होनहार छात्र अदनान खान ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं छात्र अजय अनंत ने भी 80 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अलावा अन्य सभी विद्यार्थियों ने भी बेहतर प्रदर्शन करते हुए सफलता हासिल की। विद्यालय प्रबंधन के अनुसार इस वर्ष 12वीं कक्षा में अध्ययनरत 21 में से सभी 21 विद्यार्थी सफल रहे, जो विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि है। इस शानदार सफलता पर विद्यालय की प्रधानाचार्या गीता रेडू ने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों एवं शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के निरंतर मार्गदर्शन और अभिभावकों के विश्वास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने एक बार फिर साबित किया है कि लगन, अनुशासन और मेहनत से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। हमें विश्वास है कि छात्र भविष्य में भी इसी तरह सफलता के नए कीर्तिमान स्थापित करेंगे। विद्यालय के चेयरमैन डॉ. विवेक यादव ने भी सभी विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए निरंतर प्रयासरत है, जिसका



परिणाम बोर्ड परीक्षा में देखने को मिला है। छात्रों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल है और अभिभावकों ने भी विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की।

## सिटी सेन्ट्रल स्कूल का शानदार प्रदर्शन, देवांशी सिंह ने जिले में किया टॉप




**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 13 मई।** सीबीएसई द्वारा घोषित कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम में सिटी सेन्ट्रल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। इस वर्ष विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट अंक अर्जित कर सफलता का नया कीर्तिमान स्थापित किया। परिश्रम, अनुशासन और संकल्प ही सफलता की वास्तविक पहचान है इस भावना को चरितार्थ करते हुए विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा और मेहनत का बेहतरीन प्रदर्शन किया। कक्षा 12वीं विज्ञान संकाय की होनहार छात्रा देवांशी सिंह ने 93.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में प्रथम स्थान हासिल किया। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार, अभिभावकों एवं जिलेवासियों में हर्ष का माहौल है। वहीं कला संकाय में भी विद्यार्थियों ने शानदार सफलता हासिल की। अनन्या सिंह कुशवाह ने 94.00 प्रतिशत, कृतिका शर्मा ने 93.20 प्रतिशत, उन्नति जैन ने 92.40 प्रतिशत, स्नेहा यादव ने 91.40 प्रतिशत, श्रेयांस सिंह ने 89.80 प्रतिशत, आकृति शर्मा एवं राहुल शर्मा ने 89.40 प्रतिशत, नित्या शर्मा ने 87.20 प्रतिशत, गौतमी सिंह एवं सृजन मिश्रा ने 86.00 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की गौरवशाली परंपरा को नई ऊंचाइयां प्रदान की। विद्यालय प्रबंधन ने विद्यार्थियों की इस सफलता को उनके कठिन परिश्रम, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के विश्वास का प्रतिफल बताया। संस्था के संचालक राजेश शर्मा ने कहा कि विद्यालय सदैव गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। विद्यालय अध्यक्ष रामनरेश तिवारी ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों की यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी। संरक्षक रामभरत पाठक, बी.एस. पाल, सुरजीत सिंह तोमर, पंकज शर्मा सहित समस्त शिक्षकों ने विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बागचीनी-हड़बांसी में विद्युत समस्या समाधान शिविर आज

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना 13 मई।** मप्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा सम्पर्क अभियान के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली संबंधी समस्याओं के निराकरण हेतु विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे।

अभियान के तहत वितरण केंद्र बागचीनी में 14 मई को हड़वांसी माध्यमिक विद्यालय, 16 मई को नाहरदोंकी पंचायत भवन, 23 मई को वीरमपुरा प्राथमिक विद्यालय और 25 मई को उम्मेदगढ़ बांसी पंचायत भवन में सुबह 11 से शाम 5 बजे तक शिविर लगाए जाएंगे। इसके अलावा जींगनी वितरण केंद्र अंतर्गत गंजरामपुर पंचायत भवन तथा बानमौर क्षेत्र के सुमावली, मसूदपुर और जयनगर में भी 14 मई को शिविर आयोजित होंगे। शिविरों में गलत बिलिंग, बिल संशोधन, मीटर रीडिंग, स्मार्ट मीटर, घरेलू और कृषि कनेक्शन सहित बिजली संबंधी शिकायतों का मौके पर निराकरण किया जाएगा।

# विजयपुरा में टीकाकरण जागरूकता बैठक आयोजित




## बच्चों के शत-प्रतिशत टीकाकरण पर दिया जोर

**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 13 मई।** स्वास्थ्य विभाग एवं यूनिसेफ के सहयोग से मेहगांव ब्लॉक के ग्राम विजयपुरा में टीकाकरण जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य ग्रामीणों, स्थानीय प्रभावशाली व्यक्तियों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को बच्चों के शत-प्रतिशत टीकाकरण के प्रति जागरूक करना था।

बैठक को संबोधित करते हुए यूनिसेफ एमपीवीएचए के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर गणेश शाक्य ने कहा कि टीकाकरण बच्चों को कई गंभीर एवं जानलेवा बीमारियों से बचाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे का समय पर टीकाकरण होना बेहद आवश्यक है और कोई भी बच्चा इससे वंचित नहीं रहना चाहिए। उन्होंने ग्रामीणों को टीकाकरण सारणी की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि जन्म से लेकर निर्धारित आयु तक लगाए जाने वाले टीके बच्चों को विभिन्न संक्रामक रोगों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। समय पर लगाए गए टीके बच्चों के स्वस्थ, सुरक्षित एवं बेहतर भविष्य की नींव रखते हैं। गणेश शाक्य ने ग्रामीणों से अपील की कि गांव में ऐसे परिवारों की पहचान करें, जो किसी कारणवश अपने बच्चों का टीकाकरण नहीं करा पा रहे हैं। साथ ही स्थानीय जिम्मेदार नागरिकों एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से कहा कि वे टीकाकरण को लेकर फैली भ्रांतियों और अफवाहों को दूर करें तथा लोगों को इसके प्रति जागरूक एवं प्रेरित करें।

बैठक में वैक्सीन के महत्व पर भी विस्तार से जानकारी दी गई। बताया गया कि ह्यूमन पैपिलोमा वायरस वैक्सीन महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर यानी गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के खतरे को कम करने में सहायक है। विशेषज्ञों ने कहा कि 14 से 15 वर्ष की बच्चियों को यह वैक्सीन अवश्य लगवानी चाहिए, जिससे भविष्य में गंभीर बीमारियों से बचाव संभव हो सके। इस अवसर पर सीएचओ ऋषिकेश शर्मा, एएनएम निर्मला तोमर, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने टीकाकरण अभियान को सफल बनाने और गांव के प्रत्येक पात्र बच्चे एवं किशोरी तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने का संकल्प लिया। बैठक के अंत में उपस्थित ग्रामीणों को नियमित टीकाकरण, पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी अन्य आवश्यक जानकारियां भी प्रदान की गईं। आयोजन के माध्यम से स्वास्थ्य विभाग ने स्पष्ट संदेश दिया कि स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए टीकाकरण एक अनिवार्य कदम है।

# पवन पाटीदार के प्रथम नगर आगमन पर स्वागत



**भिंड, 13 मई।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार के एक दिवसीय दौरे एवं प्रथम नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश अग्रवाल 'बाबूजी' के निवास पर स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया, जहां बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का फूल वर्षा कर गर्मजोशी से स्वागत किया गया। भाजपा नेता ओमप्रकाश अग्रवाल बाबूजी एवं उनके सहयोगियों ने शॉल-श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया तथा राधा-कृष्ण की तस्वीर भेंट कर अभिनंदन किया। प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए संगठन की मजबूती, बूथ स्तर तक विस्तार और आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा की। कार्यक्रम में भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अतुल रमेश पाठक, रामकुमार गुप्ता, लालू सोनी, किशन सोनी, रामकुमार शर्मा, रामअवतार शिवहरे, कल्लू जैन, सौरभ सोनी, वैभव चतुर्वेदी, संजय शर्मा, बृजेंद्र सिंह भदौरिया, गोपाल मेहरोत्रा सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## मेहगांव में भी हुआ अध्यक्ष पाटीदार का स्वागत

**मेहगांव।** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का एक दिवसीय दौरा एवं प्रथम नगर आगमन पर भिंड तिराहे पर युवा नेता आलोक राकेश शुक्ला के नेतृत्व में भव्य स्वागत हुआ इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रोहित करैया मंडल महामंत्री रामवीर सिंह भदौरिया कालीचरण शाक्य पूर्व भाजपा जिला उपाध्यक्ष श्रीमती सुधा राठौर जिला मंत्री सुभाष राठौर केशव राठौर मंडल उपाध्यक्ष श्रीमती मुन्नी नरवरिया डॉ योगेन्द्र सिंह तोमर हेमंत गुर्जर रामू राठौर भागीरथ गुर्जर भैया जय कुमार जैन टिल्लू कनाथर वाले अवनीश त्यागी रामभरोसे जाटव शोखीराम जाटव रामसेवक कुशवाह राजेश व्यास अनूप लहारिया देवेंद्र पाराशर छोटू धाकड़ प्रदीप परमार रजत मुदगल ने अपने साथियों के साथ प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार का फूल वर्षा कर स्वागत किया एवं शॉल श्रीफल से सम्मानित कर भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष पाटीदार ने कहा भाजपा का एक ही नारा है सबका साथ सबका विश्वास सबका विकास के साथ ही हम सब कार्यकताओं को काम करना हैं और देश में मोदी जी और प्रदेश में मोहन यादव जी के नेतृत्व में विकाश का पहिया दौड़ रहा हैं।

# जल प्रदाय परियोजना अंतर्गत रोड सेफ्टी प्लेज एवं जागरूकता रैली आयोजित



## श्रमिकों और कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति किया जागरूक, सुरक्षित व्यवहार अपनाने की दिलाई शपथ

**भिंड।** भिंड नगर में एशियन डेवलपमेंट बैंक के सहयोग से संचालित जल प्रदाय परियोजना के अंतर्गत श्रमिकों एवं कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से 'रोड सेफ्टी प्लेज एवं जागरूकता रैली' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से श्रमिकों एवं कर्मचारियों को यातायात नियमों के पालन, सुरक्षित वाहन संचालन, हेलमेट एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों के उपयोग तथा कार्यस्थल पर सतर्कता बरतने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। **सड़क सुरक्षा की दिलाई शपथ:** इस अवसर पर उपस्थित श्रमिकों एवं कर्मचारियों ने सड़क सुरक्षा की शपथ लेते हुए जिम्मेदार एवं सुरक्षित व्यवहार अपनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान परियोजना क्षेत्र में जागरूकता रैली भी निकाली गई, जिसके माध्यम से आमजन एवं श्रमिकों को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन का संदेश दिया गया।

**सुरक्षा और जागरूकता को दी जा रही प्राथमिकता:** कार्यक्रम का समन्वय सामुदायिक विकास अधिकारी सोनिका शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि जल प्रदाय परियोजना के अंतर्गत केवल आधारभूत संरचना विकास पर ही नहीं, बल्कि श्रमिकों की सुरक्षा, सामाजिक जागरूकता एवं कार्यस्थल सुरक्षा मानकों को भी प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य श्रमिकों में सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना तथा सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम सुनिश्चित करना है। कार्यक्रम के माध्यम से श्रमिकों को यह संदेश दिया गया कि छोटी-छोटी सावधानियां अपनाकर बड़े हादसों से बचा जा सकता है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत, शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ

## मानव का अस्तित्व जल पर ही निर्भर - जय प्रकाश शर्मा




**नवभारत न्यूज**
**मेहगांव 13 मई।** भीषण गर्मी के मौसम में राहगीरों एवं आमजन को शीतल पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद मेहगांव द्वारा गठित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति सेंथरी ने ब्लॉक समन्वयक जय प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत शीतल जल प्याऊ का शुभारंभ श्रीराम मेडिकल स्टोर सोनी के पास किया गया। ब्लॉक समन्वयक जय प्रकाश शर्मा ने विधिवत पूजन अर्चन के साथ जल सेवा की शुरुआत की, इस अवसर पर अपने उद्बोधन कहा वर्तमान समय में जल का महत्व और भी अधिक बढ़ गया है। भीषण गर्मी में प्यासे लोगों को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य कार्य माना गया है। उन्होंने कहा कि जल ही जीवन है केवल एक नारा नहीं, बल्कि मानव जीवन का आधार है। पृथ्वी पर समस्त जीव-जंतुओं एवं मानव का अस्तित्व जल पर ही निर्भर करता है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य है कि वह जल का संरक्षण करे और जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आए। आमजन से जल संरक्षण के प्रति जागरूक रहने और पानी की बर्बादी रोकने का आग्रह किया। कार्यक्रम में प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष महिपाल सिंह चौहान, सचिव रामधुन सिंह, शेर सिंह, रामनिवास, बलबीर सिंह, गोपाल सहित समिति सदस्यों एवं नागरिकों की उपस्थिति रही।

# राजस्थान से नाव में हो रही थी रेत की तस्करी, जेसीबी से तोड़ी

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 13 मई।** चंबल नदी से रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन पर मुरैना जिले में अंकुश लगा तो माफिया के लोगों ने नदी के दूसरी पार राजस्थान प्रांत की सीमा से उत्खनन कर नावों के जरिए मप्र में रेत की तस्करी करना शुरू कर दिया। बुधवार को ऐसा ही नजारा चिन्नौनी थाना क्षेत्र के होराबरा एवं गुनापुरा घाटों पर देखने को मिला। मौके पर पहुंचीं टास्क फोर्स को देखकर माफिया के लोग नाव को लेकर राजस्थान की ओर भाग निकले। टास्क फोर्स ने राजस्थान पुलिस-फॉरेस्ट की मदद से पीछा कर पकड़ लिया, जिसे बाद में जेसीबी मशीन से तोड़ दिया गया। संयुक्त कार्रवाई के दौरान करीब चंबल नदी के गुनापुरा और होराबरा घाटों पर डंप की गई करीब 350 ट्रॉली (700 घनमीटर) रेत को जेसीबी मशीन से मिट्टी में मिलाकर नष्ट कर दिया गया।

कार्रवाई के दौरान पुलिस और वन विभाग की टीम ने उन कच्चे रास्तों को भी चिन्हित किया, जिनका उपयोग अवैध रेत परिवहन में किया जा रहा था। इन रास्तों पर जेसीबी मशीन से गहरे

## चिन्नौनी के होराबरा, गुनापुरा एवं सबलगढ़ के हबुआपुरा घाटों पर कार्रवाई

गड्ढे खुदवाकर रास्तों को बंद करवा दिया गया। जिससे माफिया दोबारा रेत का परिवहन न करने पाए। कार्रवाई में एसडीओपी कैलारस उमेश कुमार मिश्रा, थाना प्रभारी सबलगढ़ राजकुमारी परमार, थाना प्रभारी चिन्नौनी ऋषिकेश शर्मा सहित पुलिस और वन विभाग की टीम मौजूद रही।

# भिंड नगर में जैन संतों का मंगल आगमन, सकल जैन समाज ने किया स्वागत



**नवभारत न्यूज**
**भिण्ड, 13 मई।** शहर के बुधवार को जैन संत विश्रांत सागर महाराज एवं सौम्य सागर महाराज ससंघ का मंगल आगमन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हुआ। संतों के आगमन पर सकल जैन समाज ने बैंड-बाजों, जयघोष और मंगल ध्वनियों के साथ भव्य अगवानी की।

इस अवसर पर सुबह से ही जैन समाज के लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में बड़ी संख्या में स्वागत कार्यक्रम में शामिल हुए। संतों के आगमन पर जय जिनेंद्र और धार्मिक जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। स्वागत जुलूस की शुरुआत लश्कर रोड स्थित कीर्ति स्तंभ जैन मंदिर से हुई। यहां विधिवत पूजन-अर्चन के बाद संतों की अगवानी की गई। इसके बाद भव्य शोभायात्रा नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से निकाली गई, जिसमें महिला-पुरुष, युवा एवं बच्चे बड़ी संख्या में शामिल हुए। जुलूस के दौरान श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर संतों का अभिनंदन किया। कई स्थानों पर समाजजनों द्वारा स्वागत मंच लगाकर संतों का अभिनंदन एवं मंगल आरती की गई। पूरे मार्ग में धार्मिक ध्वज, बैनर एवं स्वागत द्वार आकर्षण का केंद्र रहे। संतों के मंगल आगमन को लेकर समाज के वरिष्ठजनों ने कहा कि जैन संतों का नगर आगमन आध्यात्मिक ऊर्जा और सकारात्मकता का संदेश लेकर आता है। उनके प्रवचन एवं सान्निध्य से समाज में नैतिकता, संयम और धर्म के प्रति जागरूकता बढ़ती है। कार्यक्रम में सकल जैन समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठजन, महिलाएं एवं युवा बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संतों के आगमन से जैन समाज में हर्ष और उल्लास का माहौल बना रहा।

## मुंह में कपड़ा ठूंसकर मामा ने भांजी के साथ किया दुष्कर्म

**मुरैना।** स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के अंतर्गत विसंगपुर गांव में 14 साल की एक नाबालिग पीड़िता के साथ दूर के रिश्ते के मामा ने बलात्कार कर डाला। घटना 9 मई की रात को होना बताई गई है। पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। जानकारी के अनुसार ग्वालियर निवासी 14 वर्षीय पीड़िता अपने माता-पिता के साथ विसंगपुर गांव में रहने वाले अपने मामा के घर शादी समारोह में शामिल होने आई थी। 5 मई को शादी समारोह का आयोजन था। शादी के बाद पीड़िता अपने मामा के घर रुक गई थी, जबकि उसके माता-पिता ग्वालियर चले गए थे। बताया जा रहा है। 9 मई की रात को जब पीड़िता मामा के घर में सो रही थी, तभी रिश्ते में मामा लगने वाला राजेश कुशवाह उसके पास पहुंचा और मोबाइल चार्जर देने की बात कही।